>

Title: Need to provide irrigation facilities in Gaya and Aurangabad districts in Bihar.

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद) : मैडम, मैं आपका धन्यवाद करता हूं , आपने मुझे जनहित के एक महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाने का अवसर दिया है। ...(व्यवधान) पूरे बिहार के अड़तीस जिले या तो बाढ़ की चपेट में हैं या सुखाड़ की चपेट में हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र औरंगाबाद एवं गया जिले का पूरा का पूरा भाग, साथ ही साथ दक्षिण बिहार के सारे जिले सूखे की चपेट में हैं। ...(व्यवधान) औरंगाबाद जिले में देव, कुटुम्बा, नवीनगर और विशेषकर नवीनगर के दक्षिणी भाग का टंडवा क्षेत्र, जो उत्तर कोयल नहर से दक्षिण का हिस्सा है, पूरी तरह से सूखे की चपेट में है। ...(व्यवधान) मदनपुर, देव, रफीगंज आदि पूरखण्ड तथा गया जिले का डुमरिया, बांके बाजार, गुरुआ, गुरारु, पैरैंया, कोंच, टिकारी आदि सभी पूरखण्ड सूखे से प्रभावित हैं। राज्य सरकार ने अपने संसाधनों के बल पर डीजल पर सब्सिडी देकर धान की फसल को बचाने का काम किया है। ...(व्यवधान) लेकिन राज्य सरकार के संसाधन सीमित हैं। उससे बहुत कुछ नहीं किया जा सकता। इसलिए मैं भारत सरकार से इस आपदा से राहत पहुंचाने के लिए अनुरोध करता हूं। ...(व्यवधान) मैं एक बात और कहना चाहूंगा कि इस स्थिति से बचने के लिए औरंगाबाद और गया जिले के क्षेत्र में सिंचाई का प्रबंध कराया जाए। ...(व्यवधान)

11.49 hrs

At this stage, Shri R. Thamaraiselvan and some other hon. Members came

and stood on the floor near the Table.